

# सिवरेज ठेकेदार की बनाई सड़कें छ : महीने में ही होने लगी ध्वस्त

## डिग्री कॉलेज बैढ़न से घुरीताल सड़क मार्ग बब्बन चौराहा का सूरते हाल, ठेकेदार ने कार्य के नाम पर कराया था खानापूर्ति

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 अगस्त। नगर निगम क्षेत्र में सिवरेज पाईप लाईन एवं अमृत जल योजना तथा एलपीजी गैस पाईप लाईन के ठेकेदार ने शहर के कई प्रमुख मार्ग से लेकर मोहल्लों के सड़को को खोदकर तहस-नहस कर दिया। इस बरसात के सीजन में नगरीय क्षेत्र के सड़को की जो दुर्दशा हुई है, उससे नगर निगम एवं प्रदेश सरकार के छवि पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है।**

दरअसल नगर निगम क्षेत्र में अमृत जल, सिवरेज एवं गैस पाईप लाईन के लिए बैढ़न-मोरवा सड़क के कई प्रमुख सड़को के साथ-साथ गली-मोहल्लों के सड़को की खुदाई की गई, लेकिन नगर निगम एवं संविदाकारो के बीच हुये अनुबंध के अनुसार उक्त ठेकेदारों ने कार्य नही कराया।



कॉलेज-घुरीताल मार्ग के

लिहाजा सिवरेज पाईप लाईन, अमृत जल योजना व गैस पाईप के ठेकेदारों द्वारा सड़को के मरम्मत के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। आलम यह है कि कॉलेज चौराहा बिलौंजी से लेकर घुरीताल सड़क चन्द महीनों में ही क्षतिग्रस्त होने लगी है। जबकि यहां के मोहल्लेवासी बताते हैं कि कॉलेज घुरीताल मार्ग में सिवरेज ठेकेदार के द्वारा करीब 6 महीने पहले सड़क का कार्य कराया गया था, किंतु अतिगुणवत्ता विहीन कार्य होने के चलते सिवरेज ठेकेदार के द्वारा बनाई गई सड़के साल भर टीक नही पा रही हैं। इसके पीछे कारण यही बताया जा रहा है कि सड़को का मरम्मत संविदाकारों के द्वारा महज कोरमपूर्ति की जा रही है। जिसके चलते सड़को जगह-जगह टूटने लगी हैं और रहवासियों को संदेह है कि यदि हैवी मालवाहक चले सड़के के धसने से भी इंकार नही किया जा सकता है।

फिलहाल नगरीय क्षेत्र सिंगरौली के तहस-नहस सड़को का गुणवत्ता विहीन के साथ कोरमपूर्ति कराये जा रहे सड़को के कार्य को लेकर नगर निगम का अमला संबंधित ठेकेदारों पर शिकंजा क्यों नही कस रहे हैं। इस पर भी एक बड़ा सवाल है।

### सड़कों के कार्य के नाम पर कोरमपूर्ति



नगर निगम एवं ठेकेदारों के बीच अनुबंध है कि जिस स्थिति में सिवरेज पाईप लाईन, अमृत जल योजना व गैस पाईप लाईन कार्य करने के पहले सड़के हैं, कार्य के बाद निर्धारित अवधि में उसी स्थिति में सड़को को बना कर सौपना है। किंतु आरोप है कि संविदाकार ऐसा नही कर रहे हैं। सड़को के कार्य के नाम पर महज कोरमपूर्ति की जा रही है। खोदे गये सड़को में गिट्टी से पिचिंग एवं रोलिंग नही कराई जाती है, केवल गिट्टियों को डालते हुये छोड़ देते हैं और दो-चार दिन बाद सड़को पर पीसीसी का रूप देकर लेप कर देते हैं। इस तरह का नजारा अम्बेकर चौक-बीजपुर मार्ग का है, जहां सड़के अपने आप में ही सब कुछ बयां कर रही हैं।

### नगर परिषद के बैठकों में कई बार उठ चुका है मुद्दा

दरअसल शहरीय क्षेत्र में संविदाकारों के द्वारा सड़को को तहस-नहस कराये जाने के बाद निर्धारित समय सीमा के अंदर सड़को का मरम्मत कार्य न कराये जाने को लेकर कई बार नगर निगर परिषद की बैठको में मुद्दा उठ चुका है, लेकिन बैठक के बाद परिणाम ढाक के तीन पात निकला है। बैठक में पार्षदों के द्वारा संविदाकार पर सीधे आरोप लगा कर कार्रवाई किये जाने की मांग करते हैं। लेकिन पार्षदों के शोर-शराबा का कोई खास असर नही दिखा है। जिससे अब पार्षद भी नगर निगम पर ज्यादा भरोसा नही कर रहे हैं। इसीलिए संविदाकार मनमानी करने पर उतारू हैं। संविदाकारो पर किसका संरक्षण है, इसपर भी चर्चाएं तरह-तरह के चल रहे हैं।

# कोयला मिक्सिंग के मामले में खनिज अमला की चुप्पी

## कोल कारोबारियों पर किसका है संरक्षण, चर्चाओं का बाजार तेज

नवभारत न्यूज

**बरगवां 10 अगस्त। बरगवां थाना क्षेत्र के गोंदवाली में पिछले सोमवार को कोलयार्ड में मिक्सिंग कोयले की जांच करने संयुक्त टीम पहुंची थी, लेकिन एक सप्ताह के बीच खनिज विभाग ने क्या कार्रवाई की है, विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी बताने को तैयार नही हैं। जिसको लेकर दिनों दिन खनिज अधिकारी सवालों के कटघरे में घिरते जा रहे हैं।**



गौरतलब है कि कोलयार्ड गोंदवाली में कोयला मिक्सिंग की शिकायतें मिल रही थी और सोशल मीडिया में वायरल हो रहा था। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के सख्त निर्देश के बाद खनिज, राजस्व एवं पुलिस की नींद टूटी। पिछले सप्ताह संयुक्त टीम कोलयार्ड पहुंच कोयले का सेम्पल तो ले लिया है, लेकिन छापामार कार्रवाई के करीब छ: दिनों बाद क्या कार्रवाई की गई, इसका जवाब खनिज विभाग नही दे रहा है। जबकि बरगवां पुलिस संबंधित कारोबारियों के खिलाफ कुछ कार्रवाई भी की है। परंतु कोयला मिक्सिंग के मामले में खनिज विभाग की चुप्पी पर तरह-तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। जबकि उक्त कोलयार्ड में महाकाल, मॉ काली, अघोर सहित अन्य कोल कारोबारियों के मिक्सिंग में संलिप्तता होने की काफी चर्चाएं हैं। उक्त आरोपों में कितना दम है, यह तो निष्पक्ष जांच के बाद ही सही पता चल पायेगा, लेकिन कोल कारोबारी खनिज अमले पर दबाव बनाने में तरह-तरह के हत्थकण्डा अपना रहे हैं और अभी तक वे सफल होते दिख रहे हैं।

### एक नजर में

## भालू के हमले से प्रौढ़ व्यक्ति घायल



**सिंगरौली।** माड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलियरी निवासी एक व्यक्ति को माड़ा जंगल में आज दिन रविवार की सुबह 6 बजे भालू ने हमला कर दिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में भर्ती कराया गया है। समाजसेवी अंकित सिंह के अनुसार सुलियरी निवासी रामलाल रजक उम्र 45 वर्ष आज सुबह माड़ा में शौच करने गया था, जहां भालू ने हमला कर घायल कर दिया। घायल व्यक्ति किसी तरह जान बचाकर भागा और उपचार के लिए माड़ा पीएससी के बाद जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में भर्ती है।

## आदिवासी बुजुर्ग के साथ मारपीट

**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र के ग्राम गन्नई निवासी एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ बीते दिन कल शनिवार को मारपीट हुई। बुजुर्ग चन्द्रवली सिंह गोड़ पिता सुरूद्दीन सिंह गोड़ उम्र 70 वर्ष निवासी तेन्दुहा ने बताया कि शनिवार की सुबह 7 बजे अपने घर के खेत तरफ गई, जहां खेत के मेढ़ पर रामप्रसाद कुशवाहा द्वारा बरगड़, आम सहित अन्य पेड़ पौधा लगाकर बांस-बल्ली लगाया जा रहा था। मना करने पर रामप्रसाद कुशवाहा अश्लील गालियां देते हुये गमक्षा से गला दबा रहा था। वही दशरथ यादव भी रामप्रसाद का साथ दे रहा था। शोर-शराबा करने पर आसपास के लोग पहुंचे, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। पीड़ित ने यह भी बताया कि ट्रैक्टर से जमीन जोतकर मेरे ऊपर चढ़ाने का प्रयास किया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं के संरक्षण में इस तरह की वारदात हुई है।



# नगर परिषद सरई बाजार अतिक्रमण को लेकर उदासीन, परेशान जनता

## दो माह पूर्व की गई थी नापी, फिर भूले

नवभारत न्यूज

**सरई 10 अगस्त। नगर परिषद सरई के सीएमओ अपने ही आदेश को भूल रहे हैं, जबकि दो माह पूर्व बाजार अतिक्रमण को लेकर नापी करते हुये चार दर्जन से ऊपर अतिक्रमण कारियों को चिन्हित कर नोटिस भी दी गई थी। लेकिन आज तक सरई बाजार का अतिक्रमण नही हट पाया। जिसके चलते प्रतिदिन बाजार में अतिक्रमण लग रहा है।**

आलम यह है सरई को भले ही नगर परिषद बना दिया गया है, लेकिन सरई पहुंचने पर वहां का दृश्य देख ऐसा लगता है कि किसी गांव क्षेत्र में आये हैं। सड़क क्षतिग्रस्त पड़ी हुई हैं, कई मोहल्लों के नालियों का रतापता नही हैं, सड़क के अभाव में आमजन मानस का निकलना दुश्वार है। कीचड़ से लथपथ सड़को पर चलना खतरे से खाली नही हैं, आखिर सरई को नगर परिषद बनाने का क्या मक्सद था। जब यहां के सीएमओ परिषद क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गंभीर ही नही हैं और न ही इनके पास क्षेत्र के विकास के लिए कोई रूप रेखा ही नही हैं, ऐसे में भला सरई परिषद क्षेत्र का विकास कैसे संभव हो पाएगा। इधर बता दें कि दो माह पूर्व सरई बाजार में लग रहे अतिक्रमण को लेकर बाजार में किये गये अतिक्रमण को लेकर विधिवत नापी कराई गई थी और अतिक्रमण कारियों को चिन्हित किया गया था, उस दौरान नोटिस दी गई, लेकिन नोटिस देने के बाद नगर परिषद के सीएमओ लोगों की समस्याओं को भूल गये। यही नतीजा है कि प्रतिदिन जाम के झाम से लोग परेशान हैं। पुलिस जाम खुलवाने में लगी रहती हैं, लेकिन नतीजा सिफर रहता है।

# बरगवां टीआई की पदस्थापना से हिन्दू संगठन में नाराजगी

## सोशल मीडिया के माध्यम से जताने लगे हैं विरोध, प्रभारी मंत्री पर साध रहे निशाना, तेलदह घटना का कर रहे हैं जिक्र

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 अगस्त। बरगवां थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश साहू को अचानक लाईन अटैच कर मो. समीर की नवीन पदस्थापना किये जाने के बाद हिन्दू संगठनों से जुड़े लोग सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिये हैं। वही जिले के प्रभारी मंत्री पर भी निशाना साध रहे हैं।**



दरअसल कल दिन शनिवार को बरगवां थाना में पदस्थ टीआई राकेश राका साहू को कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने लाईन अटैच कर दिया। वही लाईन में पदस्थ निरीक्षक मो. समीर की नवीन पदस्थापना अस्थाई तौर पर कर दी गई है। नवीन टीआई की बरगवां थाने में पदस्थापना होते ही हिन्दू संगठनों से जुड़े लोग सोशल मीडिया में विरोध करना शुरू कर दिये हैं। यहां तक कहा गया है कि इसी थाना क्षेत्र के तेलदह में दो समुदायों के बीच विवाद हुआ था, जहां अभी तक अतिक्रमण कारियों के ऊपर कार्रवाई तक नही हुई है। सोशल मीडिया में यहां तक कहा गया है कि उक्त पदस्थापना को लेकर बड़ा आंदोलन होगा, बरगवां थाना प्रभारी को बदले जाने की मांग भी शुरू हो गई। सोशल मीडिया में इस तरह के खबरे आने के बाद पुलिस महकमा चिंतित नजर आने लगा है। हालांकि अभी तक कोई व्यक्ति खुलकर सामने नही आ रहा है, लेकिन दबी जुबान में विरोध के स्वर सुनाई देने लगे हैं।

### प्रभारी मंत्री की भूमिका पर सवाल, घेरने की योजना

सूत्रों के मुताबिक बरगवां टीआई राकेश साहू को पिछले दो महीने से हटाने की योजना चल रही थी, इसके पीछे स्पष्ट कारणों का पता नही चल पा रहा है, लेकिन सूत्रों के हवाले से ऐसी खबरे सामने आ रही थी और वह दो महीने बाद सच भी हो गया। अब भाजपा के लोग ही दबी जुबान में नाम न छापने के शर्त पर कहना शुरू कर दिये हैं कि प्रभारी मंत्री के इशारे पर ही पुलिस महकमें तबादला हो रहा है। वही विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी के नेता भी पहले से ही प्रदेश सरकार एवं प्रभारी मंत्री को आड़े हाथों ले चुके हैं और अब और जोर देकर कहने लगे हैं कि पुलिस महकमें में तबादले का उद्योग चल रहा है। इसमें कितनी सच्चाई है, यह तो सरकार ही बता पाएगी।

# पड़रीराजा टोला का ट्रांसफार्मर छ : महीने से खराब

## ट्रांसफार्मर बदलने के एवज में सुविधा शुल्क मांगने का आरोप

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 अगस्त। जनपद पंचायत क्षेत्र बैढ़न के ग्राम पड़रीराजा टोला का ट्रांसफार्मर पिछले 6 महीने के अधिक समय से खराब पड़ा हुआ है। ट्रांसफार्मर बदलने के लिए स्थानीय ग्रामीण लगातार भाग-दौर कर रहे हैं, फिर भी ट्रांसफार्मर नही बदला जा रहा है।**



यहां के रहवासी बताते हैं कि ट्रांसफार्मर बदलने के लिए कई बार कनिष्ठ यंत्री से लेकर कार्यपालन अभियंता तक अपनी पीड़ा सुना चुके हैं, लेकिन आज तक ट्रांसफार्मर नही बदला जा सका है। यहां के ग्रामीणों ने यह भी कहा है कि ट्रांसफार्मर बदलने के एवज में सुविधाशुल्क मांगा जा रहा है। जहां कुछ ग्रामीण अगुवाई करते हुये ग्रामीणों से राशि वसूल रहे हैं। सुविधा शुल्क कौन मांग रहा है, इसे तो ग्रामीण नही बता रहे हैं, लेकिन ट्रांसफार्मर बदलने के एवज में सुविधा शुल्क की मांग की जा रही है। उदाहरण के रूप में बताया गया कि जरहा गांव का ट्रांसफार्मर उस वक्त बदला गया, जब सुविधा शुल्क वसूल ली गई। उपभोक्ताओं ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# ऑब्जर्वर टीम में पूर्व बीजेपी अध्यक्ष वीरेन्द्र शामिल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 अगस्त। जिला संगठन और सरकार में राजनीतिक नियुक्तियों के लिए भाजपा ने नई व्यवस्था बना दी है।**



पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने तय किया है कि सभी जिलों में दो-दो ऑब्जर्वर जाएंगे। यह स्थानीय स्तर पर न केवल जनप्रतिनिधियों और नेताओं से बात करेंगे, बल्कि पारदर्शी तरीके से नामों की सूची बनाएंगे। इन्हें 7 दिन का समय दिया गया है। नए नाम आने के बाद ही जिलों में कार्यकारिणी, एल्डरमैन, बचे हुए मंडल अध्यक्ष, जन भागीदारी समितियां और मंडल की समितियां में नियुक्ति का निर्धारण इसी आधार पर होगा। भाजपा नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की ऑब्जर्वर टीम में सिंगरौली जिले के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल को भी शामिल किया गया है, उन्हें बालाघाट एवं मंडल का जिम्मेदारी दिया गया है।

# राष्ट्र भक्ति के भाव को जन जन तक पहुंचाने के लिए निकाली गई तिरंगा यात्रा

## विधायक, जिलाध्यक्ष एवं नगर निगम अध्यक्ष ने किया शिरकत

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 अगस्त। राष्ट्र भक्ति के भाव को जन जन तक पहुंचाने के लिए एवं राष्ट्र प्रथम की अवधारणा को चरितार्थ करने के लिए भाजपा स्वतंत्रता दिवस के पूर्व पूरे देश में तिरंगा यात्रा आयोजित कर रही है।**

प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा जिले भर के प्रत्येक मंडलों में तिरंगा यात्रा आयोजित करेगी, जिसका शुभारंभ विंध्यनगर मंडल से हुआ है। भाजपा का कार्यालय मंडल विंध्यनगर परिक्षेत्र में ही आता है, इसलिए इस भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कार्यालय परिसर से हुआ। भाजपा के



जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह एवं इस यात्रा के जिले के संयोजक एवं ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय ने ध्वज दिखा कर इस यात्रा का शुभारंभ किया तथा स्वयं इस तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। विंध्यनगर मंडल अध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में पूरे मंडल के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं समेत आम नागरिक भी इस भव्य तिरंगा यात्रा में सहभागी बने तथा इस यात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान किया। तिरंगा यात्रा में युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया तथा पूरे मंडल का भ्रमण किया। इस यात्रा में जिला उपाध्यक्ष तथा मंडल प्रभारी सरोज सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, वरिष्ठ नेता विनोद दुबे, नरेश शाह, गिरिजा पांडेय, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पूरे मंडल की टीम, मंडल के कार्यकर्ता समेत सैकड़ों आम लोगों की मौजूदगी रही।

# कलश के साथ महिला श्रद्धालुओं ने निकाली भागवत यात्रा

नवभारत न्यूज

**अनपरा 10 अगस्त। क्रॉसिंग रिपब्लिक सांस्कृतिक कला संगम समिति द्वारा गोल्फ कोर्स ग्राउंड में 10 से 16 अगस्त तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आगाज आज दिन रविवार को सुबह कलश यात्रा से संपन्न हुआ।**



क्रासिंग रिपब्लिक की महिला श्रद्धालुओं ने गार्डेनिया सोसाइटी के मंदिर से सिर पर कलश लेकर गोल्फ कोर्स ग्राउंड स्थित भागवत कथा पंडाल में पहुंचीं। जहां सांस्कृतिक कला संगम समिति के पदाधिकारियों ने अभिनंदन किया। मंदिर में अनुष्ठान पूरा कर अश्वरथ पर विराजमान होकर व्यास महाराज रामानंदीय वैष्णव आचार्य अवध गोपाल दास महाराज कलश यात्रा में साथ -साथ चल रहे थे, जिनकी उपस्थिति से यह कलश यात्रा एक यादगार पल बन गया। गार्डेनिया सोसाइटी के मंदिर से ही बैंड बाजे के साथ निकाली गई। इस कलश यात्रा में सांस्कृतिक समिति के पदाधिकारियों क्षितिज सिंघल, बीपीएस भाटिया, आशुतोष चंदन, विवेक शर्मा, तरुण भारद्वाज, विजय गोयल, दुर्गेश सिंह, रवि गुप्ता, रवि शर्मा सहित अन्य शामिल रहे।

# घर जमीदोज होने के बाद नहीं मिली सहायता राशि

## तहसील क्षेत्र सरई के वृत्त खनुआ अंतर्गत ग्राम गोरा का मामला

नवभारत न्यूज

**सरई 10 अगस्त। स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम गोरा निवासी रामलल्लू साहू का पिछले माह 26 जुलाई को अतिवृष्टि के दौरान कच्चा मकान जमीदोज हो गया था। लेकिन अभी तक पीड़ित व्यक्ति को शासन-प्रशासन से किसी भी प्रकार की कोई भी मदद नही पहुचाई गई है।**

तहसील क्षेत्र सरई के ग्राम गोरा निवासी रामलल्लू साहू पिता रामकरण साहू का मकान 26 जुलाई को मूसलाधार बारिश के दौरान मकान जमीदोज हो गया था। मकान के मलवे के नीचे घरेलू समाना भी दब कर नष्ट हो



गई। पंचायत के सरपंच के द्वारा मुआयना कर स्थल पंचनामा भी तैयार किया गया और उक्त घटना की जानकारी नायब तहसीलदार वृत्त खनुआ के यहां आवेदन पत्र देकर अवगत भी कराया गया। जहां आरोप है कि पीड़ित पक्ष को आज तक सहायता राशि नही मिली।

# ननि क्षेत्र के पचखोरा व घुरीताल के सीमावर्ती नालियां कचरे में जाम

## कचरे व सड़े पानी से दुर्गंध मार रही नालियां, नगर निगम सफाई अमला उदासीन, रहवासी परेशान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 अगस्त। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 30 पचखोरा के सीमावर्ती की नालियां इन दिनों साफ-सफाई के अभाव में जाम होने से कचरा बजबजाते हुये दुर्गंध मार रहा है। यह समस्या पिछले एक पखवाड़े के अधिक समय से है।**



नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 30 पचखोरा के घुरीताल सीमावर्ती की नालियां इन दिनों जाम होने से घरों का दूषित पानी उफान मार रहा है। आलम यह है कि बारिश के दिनों में नालियों का जाम पानी सड़क पर इस तरह बहता है कि आने-जाने राहगिरों एवं मोहल्लेवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के रहवासी बताते हैं कि नियमित साफ-सफाई न होने से नालियां जाम हैं और उसका कचरा सड़कर बदबू मार रहा है। वही जिस दिन बारिश होती है, उस दिन जाम नालियों का पानी सड़क पर इस तरह फैलता है कि आने-जाने में भी राहगिरों एवं रहवासियों के लिए मुसीबत सबक बन जाएगा। मजबूर होकर मुसाफिर एवं राहगीर किसी तरह आ-जा रहे हैं, लेकिन साफ-सफाई की लचर व्यवस्था देखकर हर कोई नगर निगम के साफ-सफाई कर्मियों को कोसने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं। यहां के रहवासी यह भी बताते हैं कि नगर निगम के अधिकारियों एवं पार्षद को कई बार बताया गया, इसके बावजूद समस्या का समाधान नही निकल पाया। लिहाजा काफी दिनों से नाली साफ-सफाई के अभाव में जाम पड़ी हुई है। पचखोरा के सीमावर्ती घुरीताल मोहल्ले के रहवासियों ने इस ओर प्रभारी निगमायुक्त, महापौर, ननि अध्यक्ष एवं पार्षद का ध्यान आकृष्ट कराते हुये जाम नालियों की साफ-सफाई कराये जाने की मांग की है।